## एक नजर में

### ट्रेनों में चोरी करने वाला गैंग पकड़ाई

इंदौर. इंदौर और आसपास के रेलवे स्टेशनों पर सक्रिय चोरी करने वाले पांच सदस्यीय गिरोह को जीआरपी पुलिस ने पकड़ लिया है. आरोपियों ने पूछताछ में कई वारदातें स्वीकार की हैं. पुलिस ने उनके कब्जे से मोबाइल फोन और आभूषण बरामद किए हैं. जीआरपी सूत्रों के अनुसार, राजगढ़ स्टेशन पर देर रात पुलिस को कुछ युवक संदिग्ध हालत में घूमते नजर आए. उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने ट्रेनों और रेलवे स्टेशन पर की गई चोरी की वारदातें कबूल कर लीं. पकड़े गए आरोपियों में हरभजन रेवती रेंज निवासी, कमलेश, मोहन पारदी, जीवन और एक अन्य युवक शामिल हैं, जिनका ताल्लुक गुना से है. पुलिस ने इनके पास से तीन मोबाइल फोन और सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं. जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि यह गिरोह चोरी के बाद माल का आपस में बंटवारा कर लेता था. इन्होंने इंदौर रेलवे स्टेशन के मुसाफिरखाने से दो यात्रियों के मोबाइल चोरी करने की घटना भी स्वीकारी है. जीआरपी अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनसे अन्य वारदातों का भी खुलासा होने की उम्मीद है.

### पुलिस ने लौटाए गुम हुए 12 मोबाइल




इंदौर. राऊ पुलिस ने तकनीक का सहारा लेते हुए गुम हुए 12 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले और उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिए. इन मोबाइल्स में दो आईफोन भी शामिल हैं. बरामद फोनों की कीमत करीब चार लाख रुपए आंकी गई है. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार शर्मा और एसीपी गांधीनगर निधि सक्सेना के निर्देशन में की गई उक्त कार्रवाई में टीम ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से मोबाइल्स को ट्रेस किया. थाना प्रभारी राऊ राजपालसिंह राठौर के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक बलराम चौहान, अजय चौहान, निलेश सुरालकर तथा आरक्षक लोकेश धाकड़, देवेंद्र अंब और निर्मलसिंह ने इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. गुम हुए फोन वापसी मिलने पर धारकों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम की सराहना की.

### तुकोगंज में सहायक निर्देशक के घर चोरी की कोशिश नाकाम



इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र कि फिल्म इंडस्ट्री में सहायक निर्देशक के रूप में काम करने वाली युवती के घर चोरी की कोशिश करने वाले दो बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गए. आरोपियों ने इंदौर में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए गुब्बारे बेचने का बहाना अपनाने की बात कबूली है. थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि विश्राम कॉलोनी निवासी स्नेहा अग्रवाल ने बुधवार को शिकायत दर्ज कराई थी. स्नेहा मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में सहायक निर्देशक के तौर पर काम करती हैं और मां सुलोचना के साथ अकेली रहती हैं. बुधवार तड़के करीब 4.20 बजे स्नेहा को कमरे में आहट सुनाई दी. उठकर देखा तो एक व्यक्ति अलमारी के पास और दूसरा दरवाजे पर खड़ा था. स्नेहा ने शोर मचाकर मदद बुलाने की कोशिश की तो बदमाशों में से एक ने पेचकस से हमला करने का प्रयास किया. स्नेहा किसी तरह बाहर भागीं, तब आरोपी खिड़की के रास्ते से फरार हो गए. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की और मंदसौर के सुवासरा में रहने वाले बिन्नी पारदी और कालू पारदी को गिरफ्तार किया. उनके पास से पेचकस और अन्य औजार भी जब्त किए हैं. पुलिस पूछताछ में दोनों ने कई और वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की है, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है.

### सड़क हादसे में नाबालिग की मौत



इंदौर. कनाडिया थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात मयंक ब्लू वाटर पार्क के सामने हुए सड़क हादसे में एक नाबालिग की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. एसआई सचिन आर्या ने बताया कि मृतक की पहचान मुकेश पिता माधव भिलाला निवासी भैंसाटोरी गांव, बमोरी (जिला गुना) के रूप में हुई है. वहीं घायल 25 वर्षीय राजेश पिता सुरसिंह सिलिकॉन सिटी, राऊ का रहने वाला है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### भाजपा की सेवा पखवाड़े के तहत कार्यशाला संपन्न



महू. तहसील महू के पांचो मंडलों की सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यशाला संपन्न हुई, जिसमें प्रमुख रूप से राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश मंत्री कविता पाटीदार एवं भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूप से जानकारी दी. कार्यकर्ताओं को केंद्रीय एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया. साथ ही भाजपा की समस्त कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा को ही सर्वोपरि मानते हुए समाज के निचले तबके तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मैदान में उतरने के लिए आह्वान किया. कार्यशाला में महू विधानसभा के समस्त मंडलों से पधारे नेता वरिष्ठ जन बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता मौजूद रहे. कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का स्वागत मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार के नेतृत्व में महामंत्री शांतिलाल पाटीदार किशोर चौधरी रवि पाटीदार द्वारा किया गया. साथ ही महू विधानसभा के सभी मंडल की नवीन कार्यकारिणीयो के समस्त सदस्यों को इंदौर जिला भाजपा अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा एवं कविता पाटीदार के द्वारा स्वागत किया गया. संचालन जीतमल वर्मा द्वारा किया गया. आभार शांतिलाल पाटीदार ने माना.

### महू उदय ने किया नि:शुल्क ज्यूस का वितरण



महू. महू तहसील के बोरखेडी स्थित शासकीय उन्नत माध्यमिक विद्यालय में महू उदय द्वारा संस्था ऋषिराज के सहयोग से नि:शुल्क ज्यूस का वितरण किया गया. इस अवसर पर हिमांशु सिरोया, देवेंद्र सेन, पत्रकार ब्रजेश अमोनिया, विद्यालय प्रभारी प्रधानाचार्य ममता तिवारी, शिक्षिका कमला वर्मा, प्रेमलता अग्निहोत्री, चंदनवाला जैन, पूजा प्रजापति उपस्थित रहे.

## क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा अंतर्राज्यीय चरस तस्कर

### 2.241 किलो चरस जब्त, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 70 लाख से ज्यादा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय चरस तस्कर को दबोच लिया. आरोपी के पास से 2.241 किलोग्राम चरस जब्त की गई, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 30 से 50 लाख रुपए प्रति किलो आंकी जा रही है. क्राईम ब्रांच की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है.**



एडीशनल डीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूचना पर पोलोग्राउंड पुल, एमआर-4 रोड पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को पकड़ा. पूछताछ में उसने अपना नाम साकिर हुसैन उम्र 60 सला निवासी सेक्टर-ई, 244 चंदननगर, इंदौर बताया. आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में चरस बरामद हुई. पहले भी कई बार गिरफ्तार हो चुका है. आरोपी पर इंदौर के विभिन्न थानों में शराब तस्करी, मारपीट और मादक पदार्थों की तस्करी सहित एक दर्जन से ज्यादा अपराध दर्ज हैं. इतना ही नहीं, साकिर हुसैन गांजा तस्करी के दो मामलों में सजा भी काट चुका है. आरोपी ने कबूला कि वह अलग-अलग राज्यों से सस्ते दामों पर चरस लाकर इंदौर में नशे के आदी लोगों को महंगे दामों पर बेचने का काम करता था. जल्दी पैसा कमाने के लालच में उसने यह कारोबार शुरू किया था. क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस को शक है कि इसके तार प्रदेश से बाहर के तस्करों से भी जुड़े हो सकते हैं.

## एमडी पाउडर के साथ तस्कर गिरफ्तार

- ऑपरेशन क्लीन स्वीप में विजय नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई
- चैकिंग के दौरान पकड़ा गया आरोपी, 10 ग्राम नशा जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नशे के बढ़ते कारोबार पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत विजय नगर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की. पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान एक युवक को पकड़कर उसके कब्जे से 10 ग्राम एमडी पाउडर बरामद की. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ की जा रही है.**



अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने टीम को वाहन चैकिंग के निर्देश दिए थे. 11 सितम्बर को बिजनेस पार्क के सामने चैकिंग के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिया. पुलिस को देखते ही युवक पलटकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. उसकी तलाशी लेने पर 10 ग्राम एमडी पाउडर मिला, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की पहचान 24 वर्षीय अमन उल्ला खान उर्फ अमन निवासी आजाद नगर, कोहिनूर कॉलोनी, थाना आजाद नगर, इंदौर के रूप में हुई है. विजय नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस आरोपी से यह पता लगाने में जुटी है कि वह नशा कहां से लाता था और किसे सप्लाई करता था.

## नेपाल नहीं ले जाएगी पुलिस, कोर्ट में होगी पेशी

- लव जिहाद फंडिंग केस में आरोपी कादरी से मोबाइल-सिम बरामद नहीं
- होटल बिल की बेटी ने दी तस्दीक

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** लव जिहाद फंडिंग मामले में गिरफ्तार पार्षद अनवर कादरी को आज पुलिस अदालत में पेश करेगी. कादरी ने पूछताछ में मोबाइल और सिम नेपाल में तोड़कर फेंकने की बात कबूली थी. पहले पुलिस इन्हें बरामद करने और होटल में रुकने की तस्दीक के लिए उसे नेपाल ले जाने वाली थी, लेकिन वहां के बिगड़े हालात को देखते हुए यह योजना टाल दी गई. बाणगंगा क्षेत्र के दो युवकों को हिंदू लड़कियों से शादी कराने के लिए आर्थिक मदद देने के आरोप में कादरी को आरोपी बनाया था. उस पर बीस हजार रुपए का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से फरार था. जांच में सामने आया कि कादरी नेपाल के काठमांडू स्थित शालीमारबाग होटल में रुका था, जहां करेंसी ट्रांसफर होती है. होटल का बिल उसकी बेटी ने चुकाया था, जिसकी पुष्टि भी पुलिस ने कर ली है, वहीं, सिम कार्ड बरामद न होने पर नागपुर से इसका सत्यापन कराया है.

## बाल संप्रेषण गृह में नाबालिग से यौन शोषण

- गांजे का नशा करवाकर किया था दुष्कर्म
- आरोपी की तलाश में सदर बाजार पुलिस सक्रिय
- भोपाल से इंदौर ट्रांसफर हुई एफआईआर

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** सदर बाजार थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय नाबालिग से यौन शोषण का गंभीर मामला सामने आया है. यह खुलासा भोपाल के बाल संप्रेषण गृह में रूटीन विजिट के दौरान हुआ. मामले की एफआईआर भोपाल में दर्ज कर अब इंदौर पुलिस को जांच के लिए ट्रांसफर की गई है. पुलिस आरोपी गोलू वर्मा की तलाश कर रही है.

> **इंदौर ट्रांसफर किया केस**
>
> इस मामले में श्यामा हिल्स थाना भोपाल में गुरुवार को एफआईआर दर्ज की गई थी. रिपोर्ट संप्रेषण गृह की मेट्रन राजेश कुशवाह द्वारा दर्ज कराई गई. इसके बाद केस को शून्य पर पंजीबद्ध कर इंदौर ट्रांसफर कर दिया. फिलहाल सदर बाजार थाना पुलिस आरोपी गोलू वर्मा की जानकारी जुटा रही है. पुलिस टीम भोपाल जाकर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों से बातचीत करने के साथ पीड़ित से भी बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी.

सदर बाजार थाना प्रभारी यशवंत बडोले ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य कृपाशंकर चौबे निरीक्षण पर भोपाल के बाल संप्रेषण गृह पहुंचे थे, वहां अगस्त में लाए गए एक नाबालिग ने बातचीत के दौरान खुलासा किया कि इंदौर में उसके साथ यौन शोषण हुआ था. नाबालिग ने बताया कि वह नगर निगम के पास एक चाय कैफे में काम करता था. करीब छह महीने पहले वह अपने दोस्त के फ्लैट पर गया था, जहां गोलू वर्मा नाम के युवक ने उसे गांजे का नशा करवाकर शारीरिक शोषण किया. घटना के बाद गोलू ने उसे धमकाकर चुप रहने के लिए मजबूर किया, आरोपी के बार-बार दबाव बनाने पर नाबालिग डरकर इंदौर छोड़कर भोपाल पहुंच गया. बाद में किसी अन्य मामले में उसे संप्रेषण गृह लाया गया, जहां पूरी घटना सामने आई.

## मूसाखेड़ी में युवती से छेड़छाड़ करने वाला युवक पकड़ाया

- हिंदूवादी संगठन ने पिटाई कर सौंपा पुलिस को
- आदिवासी युवती को भेज रहा था अश्लील मैसेज और वीडियो

नव भारत न्यूज

इंदौर. मूसाखेड़ी क्षेत्र में आदिवासी युवती से छेड़छाड़ और मोबाइल पर लगातार अश्लील मैसेज भेजने वाले युवक को हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़कर जमकर पीटा और फिर पुलिस को सौंप दिया. आरोपी के मोबाइल से कई लड़कियों से चैटिंग के सबूत भी मिले हैं. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक से पूछताछ शुरू कर दी है.

आरोपी की पहचान शादाब अली निवासी सेमलपानी, थाना नसरुल्लागंज के रूप में हुई है. वह पिछले 15 दिनों से एक आदिवासी युवती को लगातार परेशान कर रहा था. शादाब ने किसी साथी से युवती का मोबाइल नंबर लेकर उस पर अश्लील मैसेज, वीडियो भेजे और फोटो की मांग की. मामले की जानकारी करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह दीक्षित तक पहुंची. इसके बाद हिंदूवादी नेता मानसिंह राजावत और उनके साथियों ने युवती से मुलाकात कर पूरी स्थिति जानी. पता चला कि शादाब अली रेत का डंपर लेकर इंदौर आ रहा है. इस पर राजावत अपने कार्यकर्ताओं कपिल कौशल, लकी पाल, अभय और अन्य के साथ पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया. मौके पर ही युवती से चप्पलों से पिटवाने के बाद संगठन कार्यकर्ताओं ने भी उसकी पिटाई की और पुलिस को सौंप दिया. फिलहाल आजाद नगर पुलिस ने शादाब अली के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज कर मोबाइल की चैटिंग और अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है.





> **काट चुका है तीन माह की जेल**
>
> पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ट्रक ड्राइवर है और उस पर पहले से भी छेड़छाड़ का केस दर्ज है. सीहोर में हुए एक प्रकरण में वह तीन माह जेल भी काट चुका है. वहीं उसका भाई मोहम्मद अली भी विवादित गतिविधियों में शामिल रहा है. जबलपुर में एक युवती को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म मामले में उसे सजा हो चुकी है.

## नेशनल लोक अदालत में आज बिजली चोरी और अनियमितताओं के प्रकरणों का होगा निपटारा



- तीस प्रतिशत तक मिलेगी छूट, ब्याज पर सौ प्रतिशत मिलेगी राहत

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आज होने जा रही नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी और विद्युत अनियमितताओं से जुड़े मामलों का समझौते के जरिए निराकरण किया जाएगा. इसमें उपभोक्ताओं को सिविल दायित्व राशि पर अधिकतम 30 प्रतिशत तक की छूट और भुगतान में देरी पर लगने वाले 16 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर पूरी 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी. आज होने जा रही नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी और विद्युत अनियमितताओं से जुड़े मामलों का निपटारा समझौते के जरिए किया जाएगा. मप्रपक्षेविविकं ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कानूनी कार्रवाई से बचने और राहत पाने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय या विजिलेंस कार्यालय से संपर्क करें. धारा 135 और 126 के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में यह छूट घरेलू, कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर-घरेलू और 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही मिलेगी. यह सुविधा केवल 10 लाख रुपए तक के प्रकरणों पर लागू रहेगी.

### बिजली कार्मिकों-पेंशनरों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना

मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि इस योजना में अधिक से अधिक कार्मिकों-पेंशनरों से विकल्प पत्र भर कर योजना का लाभ लें. मप्र शासन ऊर्जा विभाग के निर्देश पर पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नियमित व संविदा कार्मिकों और पेंशनरों के लिए अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की है. यह सुविधा कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों के कार्मिकों और पेंशनरों को मिलेगी. योजना का लाभ पाने के लिए विकल्प पत्र भरना अनिवार्य. प्रीमियम विकल्प के रुप में 500 प्रतिमाह पर 5 लाख बीमा, 1000 प्रतिमाह पर 10 लाख बीमा, 2000 प्रतिमाह पर 25 लाख बीमा, मरीज को प्रतिदिन 3,000 से 6,000 तक कमरे की पात्रता, कार्मिक, जीवनसाथी, बच्चे एवं माता-पिता शामिल रहेंगे.

## जेल में विवाद खड़े करने वाले तीन कैदी नरसिंहपुर भेजे गए

- सलमान लाला के भाई रिजवान के बाद मुन्ना, समीर और मनीष हटकर का ट्रांसफर
- अराजक माहौल बनाने पर हुई कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** जिला जेल में लगातार माहौल बिगाड़ने और बंदियों से विवाद करने वाले कैदियों पर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है. गैंगस्टर सलमान लाला के भाई रिजवान के बाद अब तीन और कैदियों को इंदौर से नरसिंहपुर जेल भेज दिया है. जेल अधिकारियों का कहना है कि यह कदम जेल का अनुशासन बनाए रखने के लिए उठाया है.

जिला जेल अधीक्षक जवाहर सिंह मंडलोई ने बताया कि मुख्यालय से आदेश मिलने के बाद रिजवान पिता निजाम निवासी खजराना को पहले ही नरसिंहपुर जेल स्थानांतरित कर दिया था. अब सोमवार को मुन्ना पिता आबिद, समीर पिता अजीज दोनों निवासी आजाद नगर और मनीष हटकर को भी कड़ी सुरक्षा में वहां भेज दिया है. जेल सूत्रों के मुताबिक, इन कैदियों को बार-बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद वे बंदियों से विवाद कर जेल में अराजक माहौल बना रहे थे. इस कारण प्रशासन ने उन्हें दूसरी जेल शिफ्ट करने का फैसला लिया. उधर केंद्रीय जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि सेंट्रल जेल में भी कुछ बदमाशों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है. ऐसे कैदियों को, जो आए दिन विवाद और गड़बड़ी फैलाते हैं, दूसरी जेल भेजने की तैयारी की जा रही है.

## इंदौर में मच्छरजनित रोगों का प्रकोप, एक साल में करीब 19 हजार मरीज

- डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया से लेकर जापानी बुखार तक
- नवरी से अब तक दर्ज हुए सीमित केस

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पिछले एक साल में इंदौर जिले में मच्छरों और अन्य वाहकों से फैलने वाले रोगों का दायरा तेजी से बढ़ा है. सरकारी और निजी अस्पतालों से जुटाए गए आंकड़ों के मुताबिक अगस्त 2024 से अब तक 18 हजार 941 मरीज सामने आए हैं. इनमें डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसे सामान्य संक्रमण ही नहीं बल्कि जापानी इंसेफेलाइटिस, कालाजार और जीका वायरस जैसी गंभीर बीमारियां भी शामिल हैं.

स्वास्थ्य विभाग को जिले के 1142 निजी और 237 सरकारी अस्पतालों से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 12 महीनों में करीब 19 हजार मरीज इन बीमारियों से पीड़ित हुए. इनमें डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसे आम मच्छरजनित रोगों के साथ ही जापानी इंसेफेलाइटिस, कालाजार और जीका वायरस जैसी बीमारियां भी दर्ज की गईं. एमजीएम मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबायोलॉजी लैब द्वारा स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2025 से अब तक डेंगू के 41 और मलेरिया के केवल 8 मरीज ही रिपोर्ट हुए हैं. हालांकि यह आंकड़े उन मरीजों तक सीमित हैं जिनकी लैब जांच के बाद पुष्टि की गई. विशेषज्ञों के मुताबिक, इन बीमारियों को मेडिकल भाषा में वेक्टर बॉर्न डिजीज कहा जाता है. ये ज्यादातर मच्छरों, कुछ विशेष प्रजाति की मक्खियों, पिस्सू खून चूसने वाले कीड़े और टिक्स यानी मकड़ी जैसे जीव-जंतुओं के काटने से फैलती हैं.

## एक नजर में

### मामला वार्ड 68 के बॉम्बे बाजार के नया पीठा क्षेत्र का

## कचरा छोड़ दिया बीच सड़क पर, लोग होते हैं परेशान







**इंदौर. शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए आला अफसर जिस तरह मेहनत करते आ रहे है वहीं कुछ निगम कर्मियों की लापरवाही के कारण आमजन को सड़क पर फैली गंदगी का सामना करना पड़ता है. इससे होने वाली समस्या से क्षेत्रवासियों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है.**

मामला बॉम्बे बाज़ार के नया पीठा क्षेत्र का है. यह क्षेत्र वार्ड क्रमांक 68 में आता है. सदियों पुराना यह क्षेत्र आज भी तंग गलियों और घनी आबादी वाला है. नया पीठा के मुख्य मार्ग के बीचो-बीच गटर के कचरे का अंबार लगा दिखाई दिया. पता लगाने पर ज्ञात हुआ की कुछ दिनों से नाले का सफाई कार्य चल रहा है और सड़क पर फैल रहा गंदा कचरा उसी नाले में से निकाला गया है. बात यहीं नहीं थमी. सफाईकर्मी द्वारा नाले से निकली हुई गाद को एक तरफ या ओपन कचरा वाहन में न डालते हुए बीच सड़क पर ही फेंक रहे है जिसे अभी तक नहीं उठाया गया है. लापरवाही बरतते हुए फैंके गए इस कचरे से क्षेत्र के आसपास दुर्गंध और मच्छर फैल रहे हैं. बीच सड़क पर फैला यह कचरा आने-जाने वाले राहगिरों और वाहन चालकों की परेशानियां बढ़ा रहा है.

### इनका कहना है...



प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत अभियान जारी है और आप देख सकते हो कि नगर निगमकर्मी किस तरह इस अभियान पर बट्टा लगा रहे है. कचरा बीच सड़क पर ही छोड़ दिया.

**- उबैद मंसूरी**



नया पीठा क्षेत्र पूरा लावारिस है. न कोई दरोगा न कोई झेड ओ है. सफाईकर्मी भी नहीं आते. एक-एक महीने कचरा नहीं उठता है. कर्मचारी सफाई के पहले पैसे की मांग करते है.

**- मोहम्मद युसूफ राजा**



इतना कचरा सड़क पर फेंका गया है कि उससे होने वाली बीमारियां छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रही है. हाथों-हाथ कचरा गाड़ी में डालकर ले जाना चाहिए सड़क.

**- मोहम्मद अनिस**